tcrnisi of Exidoration licence and to define the responsibilities of the parties when con ducting exploration and Feasibility Study in the gold deposits in the Ngan Son-Pac Lang area in Vietnam. The Memorandum of Understanding visualises setting up a joint venture mining company to exploit the re sources after the viability of the deposit is established.

**High opierational costs in mining**

5130. SHRI GHUFRAN AZAM :
SHRI KRISHNA KUMAR BIRLA :

Will the Minister of MINES be pleased to state ;

(a) whether Government's attention has been drawn to a newsitein captioned "Foreign Firms shy away from Mining Sector" as reported in the Hindustan Times dated 14-3-94;

(b) if so, whether in the outdated technology and overstaffing are the main reasons due to which operational costs in mining sector has become non potential; aad

(c) if so, the reaction of Government thereto?

THE MINISTER OF STATE OF THE: MINISTRY OF MINES (SHRI BALRAM SINGH YADAV) : (a) Yes, Sir.

(b) No, Sir.

(c) Does not aril*.

**भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड द्वारा प्रोयरटे ट्यूब मशीन का उपयोग किया जाना**

5131. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारत एल्यू-मिनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने कुछ वर्ष पूर्व प्रोयरटे ट्यूब मशीन का विदेश से आयात करने के बाद इसको उपयोग में न लाकर अपना उत्पादन बन्द रखा था;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) किस प्राधिकारी के आदेश पर "बाल्को" ने अपना उत्पादन स्थगित कर दिया था; और

(घ) सरकार को गत तीन वर्षों के दौरान इस उत्पादन स्थगन के कारण कुल कितना वित्तीय घाटा हुआ ?

**खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)** : (क) भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ने कोल्ड रोलिंग मिस (प्रोयरटे ट्यूब मशीन के रूप में उल्लेख किया गया है) का आयात और एक्ट्रूजन प्लांट में इसे स्थापित करने के बाद इसको उपयोग में न लाकर अपना उत्पादन बन्द नहीं कर रखा था।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते ।

**भारत एल्यूमिनियम कंपनी द्वारा काली सूची में दर्ज ठेकेदार को ठेका दिया जाना**

5132. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काली सूची में दर्ज एक ठेकेदार ने अलग-अलग नामों का प्रयोग करके और विभिन्न संस्थाएं बना-बना कर भारत एल्यूमिनियम कंपनी (बाल्को) के बड़े-बड़े ठेके हासिल कर लिए है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है;

(ग) किन मानदण्डों और आधारों पर बाल्को के प्रबंध निदेशक ने कानून का उल्लंघन करते हुए इस काली सूची में दर्ज ठेकेदार को ठेके प्रदान किए थे;

(घ) क्या प्रबंध निदेशक ने इस संबंध में सरकार से कोई अनुमति प्राप्त की थी;

(ङ) वर्तमान में उक्त ठेकेदार के पास कितने कार्यों का ठेका है और उनकी समया-वधि क्या है; और

(च) इस संबंध में सरकार ने अब तक क्या कदम उठाए है ?

**खान मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव)** : (क) जी, नहीं ।

(ख) से (च) प्रश्न नहीं उठते।